डॉ. मधुकर गुप्ता 'चुनाव आयुक्त ऑफ द ईयर' से सम्मानित

चर्चा में क्यों?

17 नवंबर, 2023 को राज्य चुनाव आयुक्त डॉ. मधुकर गुप्ता को पुर्तगाल के लिस्बन में आयोजित 19वें अंतर्राष्ट्रीय चुनावी मामलों के कॉन्फ्रेंस और पुरस्कार समारोह में प्रतिष्ठित पुरस्कार 'चुनाव आयुक्त ऑफ द ईयर'से सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- पुर्तगाल की संसद के अध्यक्ष ऑगस्टो सैंटोस सिल्वा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में डॉ. गुप्ता को यह सम्मान विश्व स्तर पर चुनाव में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और प्रथाओं को आगे बढ़ाने में किये गए उनके महत्त्वपूर्ण योगदान के लिये दिया गया है।
- उल्लेखनीय है कि पुर्तगाल के लिस्बन में आयोजित 19वें अंतर्राष्ट्रीय चुनावी मामलों की कॉन्फ्रेंस और पुरस्कार समारोह ने वैश्विक नेताओं के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और अंतर्दृष्टि साझा करने के लिये एक गतिशील मंच के रूप में कार्य किया है।
- विदित हो कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1985 बैच के रिटायर्ड आई.ए.एस. अधिकारी डॉ. मधुकर गुप्ता को अगस्त 2022 में राजस्थान का मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया था। डॉ. मधुकर गुप्ता राज्य एवं केंद्र में अहम पदों पर रहे हैं। नई दिल्ली के बीकानेर हाउस स्थित राजस्थान के आवासीय आयुक्त कार्यालय में प्रमुख आवासीय आयुक्त रहे हैं।
- डॉ. मधुकर गुप्ता ने इसके पूर्व में राजस्थान सरकार तथा भारत सरकार में महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएँ दी हैं। डॉ. गुप्ता भारत सरकार के सार्वजनिक उद्यम एवं भारी उद्योग मंत्रालय में संयुक्त सचिव तथा अतिरिक्त सचिव के पदों पर भी अपनी सेवाएँ दे चुके हैं।
- इससे पूर्व गुप्ता ने इंदिरा गांधी नहर बोर्ड के चेयरमैन, जयपुर, कोटा, भरतपुर और बीकानेर के संभागीय आयुक्त तथा कई ज़िलों में कलेक्टर के रूप में अपनी सेवाएँ देने के साथ-साथ राजस्थान सरकार के उच्च शिक्षा विभाग और परिवहन विभाग में प्रिंसिपल सेक्रेटरी के पदों पर अपनी सेवाएँ दी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dr-madhukar-gupta-honored-with-election-commissioner-of-the-year